न्यूज डायरी

राहुल गांधी की 28 फरवरी को बरनाला में रैली

पटियाला। ए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 28 फरवरी को पंजाब के बरनाला में एक रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी के एक नेता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीपीसीसी) ने आगामी रैली के लिए कांग्रेस नेता हरदयाल सिंह कंबोज को बरनाला जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। पीपीसीसी के महासचिव संदीप सिंह संधू द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कंबोज को बरनाला जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक तुरंत बुलाने के लिए कहा गया है।

भाजपा केवल खुले में बीफ की बिक्री के खिलाफ: भट्टाचार्य

कोलकाता। ए। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के 'खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध' संबंधी आरोपों को लेकर जारी राजनीतिक तकरार के बीच, भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा है कि राज्य के लोग अपनी पसंद का भोजन करने के लिए स्वतंत्र हैं और पार्टी केवल खुले में बीफ की बिक्री के खिलाफ है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बिहार सरकार के खुले में मांस की बिक्री को विनियमित करने संबंधी हालिया आदेश का उल्लेख करते हुए इसे मांसाहार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित कदम बताया।

महिलाओं को हर साल ग्रीष्मकालीन विशेष पैकेज, मिलेंगे दो हजार रुपये

चेन्नई। ए। तमिलनाडु की समाज कल्याण मंत्री गीता जीवन ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि पात्र महिलाओं को प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन विशेष पैकेज के तौर पर 2,000 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने विधानसभा में बताया इस महीने ग्रीष्म ऋतु से पहले कलैगनार मगलीर उरिमाई थिट्टम की मासिक सहायता के साथ महिला लाभार्थियों को वितरित की गई यह राशि आगे भी हर वर्ष जारी रहेगी। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने 13 फरवरी को घोषणा की कि उनकी सरकार ने राज्य सरकार की मासिक सहायता योजना के तहत 1.31 करोड़ महिला मुखिया राशन कार्डधारकों के बैंक खातों में सीधे 5,000 रुपये अंतरित किए हैं। उन्होंने कहा कि 3,000 रुपये की तिमाही किस्त के अलावा, 2,000 रुपये की राशि ग्रीष्मकालीन विशेष पैकेज के रूप में शामिल की गई है।

कांग्रेस ने पुडुचेरी के लिए पांच समितियों का गठन किया

नई दिल्ली। ए। कांग्रेस ने पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बृहस्पतिवार को प्रदेश निर्वाचन समिति और घोषणा पत्र समिति समेत पांच समितियों का गठन किया। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पुडुचेरी के लिए प्रदेश निर्वाचन समिति, घोषणा पत्र समिति, चुनाव अभियान समिति, चुनाव प्रबंधन एवं समन्वय समिति और प्रचार एवं मीडिया समिति का गठन किया। पुडुचेरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वी वैथिलिंगम को निर्वाचन समिति और पूर्व मुख्यमंत्री वी नारायणसामी को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। पुडुचेरी में इस साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव संभावित है।

भाजपा में नवीन की नई टीम को लेकर बैठकों का दौर जारी!

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी में है पार्टी!

सचिव पद पर युवा नेताओं को मिल सकता है मौका 2029 लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बन रही रणनीति

नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली। भाजपा में इन दिनों संगठनात्मक हलचल तेज है। एक तरफ पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर लगातार रणनीतिक बैठकें चल रही हैं, तो दूसरी ओर पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम को लेकर भी गहन मंथन जारी है। संगठन के भीतर यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा आने वाले चुनावी दौर को केवल राज्यों तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि 2029 के लोकसभा चुनाव को केंद्र में रखकर दीर्घकालिक रणनीति पर काम कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक पार्टी नेतृत्व चाहता है कि विधानसभा चुनाव से पहले ही नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी जाए, ताकि संगठनात्मक ढांचा समय रहते मजबूत किया जा सके। स्वयं नितिन नवीन इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे वरिष्ठ नेताओं से निरंतर संवाद कर रहे हैं और हर नाम पर संतुलन, अनुभव और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विचार-विमर्श हो रहा है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा आम है कि इस बार चयन केवल वर्तमान जरूरतों पर नहीं, बल्कि अगले वर्षों की रणनीतिक जरूरतों पर आधारित होगा।

संगठन में नए पदों के सृजन पर भी विचार : भाजपा नेतृत्व राष्ट्रीय संगठन में कुछ नए पदों के सृजन पर भी विचार कर रहा है, ताकि अनुभवी नेता युवाओं के साथ रहकर मार्गदर्शन की भूमिका निभा सकें। कुल मिलाकर पार्टी एक ऐसी टीम गढ़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसमें अनुभव की स्थिरता और युवाओं की ऊर्जा मिलकर संगठन और सरकार दोनों को मजबूत आधार दे सके। यह बदलाव सिर्फ संगठनात्मक पुनर्गठन नहीं, बल्कि भाजपा की दीर्घकालिक राजनीतिक रणनीति का स्पष्ट संकेत है।

गुवाहाटी। ए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने असम के डिब्रूगढ़ जिले में एक चाय बागान का बृहस्पतिवार को दौरा किया।

नवीन की नई टीम होगी ज्यादा युवा

गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल में राष्ट्रीय टीम की औसत आयु लगभग 58 वर्ष थी, जबकि नितिन नवीन 45 वर्ष की उम्र में अध्यक्ष बने हैं। ऐसे में नई टीम की औसत आयु घटकर लगभग 55 वर्ष के आसपास रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह बदलाव सिर्फ उम्र का नहीं, बल्कि सोच और कार्यशैली का भी संकेत माना जा रहा है।

बदले जा सकते हैं कई महासचिव

भाजपा सूत्रों का कहना है कि मौजूदा छह महासचिवों में से दो या तीन चेहरों में बदलाव संभव है। इन पदों पर ऐसे नेताओं को मौका मिल सकता है, जिन्होंने राज्यों में संगठनात्मक क्षमता और चुनावी प्रबंधन का अनुभव दिखाया हो। कुछ ऐसे चेहरे भी आगे आ सकते हैं, जो पहले प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। इसके साथ ही सचिव पद पर युवा नेताओं को तरजीह दिए जाने की संभावना है, ताकि उन्हें भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार किया जा सके। पार्टी की सोच साफ है अनुभव और ऊर्जा का संतुलन रखा जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद को लेकर भी रणनीतिक सोच दिखाई दे रही है। पार्टी ऐसे वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली की केंद्रीय भूमिका में लाना चाहती है, जिनकी राज्यों में गहरी पकड़ रही है और जिन्होंने जमीनी राजनीति में असरदार नेतृत्व दिया है। माना जा रहा है कि उन्हें संगठनात्मक मार्गदर्शन और राजनीतिक संतुलन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

इंडिया गठबंधन के नेतृत्व के लिए ममता बनर्जी का नाम?

शिवसेना के प्रस्ताव से राष्ट्रीय राजनीति में नई हलचल

नवभारत ब्यूरो। कोलकाता। राष्ट्रीय राजनीति के गलियारों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेतृत्व को लेकर एक नई चर्चा शुरू हो गई है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी का नाम इस गठबंधन के संभावित प्रमुख के रूप में प्रस्तावित किया है। लोकसभा चुनाव से पहले जब विपक्षी दल अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, तब शिवसेना का यह प्रस्ताव अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, ममता बनर्जी का लंबा राजनीतिक अनुभव, प्रशासनिक क्षमता और सत्ता पक्ष के विरुद्ध उनका कड़ा संघर्ष इस प्रस्ताव का मुख्य आधार है।

विश्लेषक इस प्रस्ताव के पीछे कई कारण देख रहे हैं। पहला यह कि ममता बनर्जी ने अकेले दम पर पश्चिम बंगाल में विपक्षी लहर को रोकने में सफलता प्राप्त की है, जो राष्ट्रीय स्तर पर अन्य दलों के लिए एक मिसाल है। दूसरा कारण यह हो सकता है कि गठबंधन के भीतर कांग्रेस के वर्चस्व को लेकर कुछ क्षेत्रीय दलों में है असंतोष, उसे ममता का नाम आगे कर संतुलित किया जा सके। शिवसेना का यह रुख संकेत देता है कि गठबंधन की एकता बनाए रखने और क्षेत्रीय दलों को उचित महत्व देने के लिए एक प्रभावशाली नेतृत्व की आवश्यकता है। हालांकि, इस प्रस्ताव पर गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस या वामपंथी दलों ने अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

कांग्रेस के वर्चस्व को लेकर कुछ क्षेत्रीय दलों में है असंतोष

खरगे की सक्रियता ममता के लिए बड़ी चुनौती

परंतु नेतृत्व की यह राह इतनी सरल नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की उपस्थिति और मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ नेताओं की सक्रियता ममता के नेतृत्व के मार्ग में चुनौती उत्पन्न कर सकती है। इसके अतिरिक्त, पश्चिम बंगाल के बाहर तृणमूल कांग्रेस के प्रभाव को लेकर भी राजनीतिक हलकों में संशय बना रहता है। ऐसी स्थिति में उद्धव ठाकरे की पार्टी का यह प्रस्ताव केवल एक रणनीतिक दांव है या गठबंधन के भीतर किसी बड़े बदलाव का पूर्वाभास, इस पर बहस तेज हो गई है। यदि अंततः ममता बनर्जी गठबंधन का चेहरा बनकर उभरती हैं, तो राष्ट्रीय राजनीति में शक्ति का केंद्र दिल्ली से थोड़ा हटकर कोलकाता की ओर झुक सकता है। फिलहाल, इस प्रस्ताव को लेकर विपक्षी खेमे के भीतर विचार-विमर्श की प्रक्रिया जारी है।

एक और नाथूराम गोडसे तैयार किया जा रहा : कांग्रेस

राहुल के खिलाफ हिंसा की साजिश का आरोप

नई दिल्ली। ए। कांग्रेस ने राजस्थान में एक व्यक्ति द्वारा राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दिए जाने संबंधी वीडियो का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ हिंसा की सुनियोजित साजिश है। पार्टी के मीडिया विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि पहले भी नाथूराम गोडसे तैयार किया गया था तथा आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया जिसमें एक व्यक्ति को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत 25 सांसदों को गोली मारने की धमकी देते सुना जा सकता है। खेड़ा ने दावा किया, 'पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्टरी' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है।'

शिवाजी महाराज न होते तो इतिहास अलग होता : फडणवीस

पुणे। ए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'स्वराज्य' की स्थापना में छत्रपति शिवाजी महाराज के दूरदर्शी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यदि वह नहीं होते, तो इतिहास अलग होता। फडणवीस ने पुणे जिले के शिवनेरी किले में मराठी योद्धा की 396वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के किले विरासत स्थल हैं और अब दुनिया इस तथ्य को मान्यता देती है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे एवं सुनेत्रा पवार ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें पुणे स्थित शिवनेरी किले में श्रद्धांजलि दी।

स्टालिन के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। ए। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता एमके स्टालिन के खिलाफ दाखिल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के नेता सैदाई एस. दुरईसामी की चुनाव याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिका में स्टालिन पर 2011 के विधानसभा चुनावों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे हालांकि मद्रास उच्च न्यायालय ने उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद चुनाव में 2,739 वोटों से हारे दुरईसामी ने शीर्ष अदालत का रुख किया।

अनुभवी राजनेता 'पनरुति' रामचंद्रन ने नई पार्टी का ऐलान किया

चेन्नई। ए। दिग्गज राजनेता 'पनरुति' एस. रामचंद्रन ने बृहस्पतिवार को अपनी राजनीतिक पार्टी एमजीआर एडीएमके का ऐलान किया। रामचंद्रन (88) ने कहा कि उनका लक्ष्य 'पहचान की राजनीति' को 'विचारधारा-आधारित राजनीति' में परिवर्तित करना है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की औपचारिक शुरुआत 23 फरवरी को पड़ोसी राज्य कांचीपुरम में एक राज्य स्तरीय सम्मेलन में की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी।

पश्चिमी रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम के लिए शुद्धिपत्र

ई-नीलामी बिक्री अधिसूचना संख्या एस।।।/नीलामी कार्यक्रम- ।/मार्च-2026 दिनांक 05.02.2026। मार्च-2026 माह में 17.03.2026 और 29.03.2026 को होने वाली परदी डिपो में ई-नीलामी बिक्री को पुनर्निर्धारित किया गया है और अब यह क्रमशः 11.03.2026 और 18.03.2026 को आयोजित की जाएगी। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(एस।।।/नीलामी अनुसूची- ।। / मार्च-2026 दिनांक 16.02.2026) 1139

हम लाइक करें: facebook.com/WesternRly

नेशनल हेराल्ड केस में नौ मार्च को हाईकोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली। ए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े एक धनशोधन मामले में निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका की सुनवाई के लिए गुरुवार को नौ मार्च की तारीख तय की। ईडी ने अपनी याचिका में निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन मामले में कांग्रेस नेताओं- सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ दाखिल उसके आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया था।

गांधी परिवार के खिलाफ ईडी ने लगाई है याचिका

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गांधी परिवार और अन्य लोगों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया। ईडी का पक्ष रखने के लिए पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रतिवादी नेताओं के वकील द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देने के अनुरोध पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें दो महीने पहले ही नोटिस दिया जा चुका था। उन्होंने इसे ''कानून का एक स्पष्ट प्रश्न'' बताते हुए कहा कि मामले की बहस कानून के आधार पर होनी चाहिए, न कि तथ्यों के आधार पर। उन्होंने यह भी कहा कि निचली अदालत के निष्कर्ष अन्य मामलों में ''बाधा बन रहे हैं''। सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी कि मामले में संज्ञान लेने से इनकार करने के लिए निचली अदालत द्वारा दिए गए कारण ''स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण'' थे। उच्च न्यायालय ने 22 दिसंबर को गांधी परिवार और अन्य लोगों को मुख्य याचिका के साथ-साथ ईडी के उस आवेदन पर भी नोटिस जारी किया था, जिसमें 16 दिसंबर, 2025 के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय,जीवन प्रकाश,एलआईसी बिल्डिंग,पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन

(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा ने , वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम , 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं/गारंटरों को 60 दिनों के नोटिस , पंजीकृत डाक/ पावती सहित/सीधे पोस्ट द्वारा जारी की हैं. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपुर्दगी प्राप्त करने में मना करने/ गलत पते/ व्यक्ति द्वारा स्थान छोड़ जाने आदि कारणों से लौटा दी गई हैं. इन ऋणकर्ताओं/ गारंटरों ने , अपनी निम्नलिखित घर/ अचल संपत्तियों को , बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टि बंधक/बंधक रखा हैं बैंक का देय राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तों को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण , खाता , चालीस दिवसों बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया हैं, जिससे चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के,अधिनियम के सैक्टर (II) के अंतर्गत एक या अनेक साधनों द्वारा प्रतिभूति हित लागू करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तों के अनुरूप,बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री/पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) दृस्तांतर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरुद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता हैं.

क्र.	शाखा का नाम और फोन नं.	उधारकर्ता का नाम और पता जमानतदार का नाम और पता	बकाया राशि(दिनांक नोटिस के अनुसार	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (लम्बीए दिनांक:25.01.2026) (नोटिस दिनांक:28.01.2026)
01	विवेकानंद नगर शाखा रायपुर 9752410761	1) मेसर्स श्री जगन्नाथ पेपर्स (ऋणकर्ता), पता: पांचवी मंजिल, दुकान नं.- 501-ए, नेशनल कॉमर्शिए पार्क, जी.ई. रोड, रायपुर, छ.ग. - 492001, 2) मेसर्स श्री जगन्नाथ पेपर्स (ऋणकर्ता),पता: द्वारा मनीष कुमार अग्रवाल , गोदरीवाला प्लास्टिक कुर्सी फैक्ट्री के पीछे, देवपुरी, रायपुर, छ.ग.- 492001	रु. 1,04,42,215 79 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार	साम्पत्ति बंधक मकान- भूमि एवं भवन, खसरा नं. - 839/1 का भाग, म्यूटेशन के बाद खसरा नं.- 839/24, क्षेत्रफल - 0.020 हेक्टेयर या 2200 वर्गफीट स्थित ग्राम - राजिम, प.ह.नं. - 23, आर.आई.सी. एवं तहसील - राजिम, जिला - गरियाबंद, छ.ग. है जो जगन्नाथदास : श्रीमती नेहा सोनी पति श्री सुरेंद्र कुमार सोनी के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - निजी रोड, पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि. 3) श्री कवि शर्मा पिता श्री श्याम सुंदर शर्मा (प्रोप./जिला-रूस्तरी), पता : सुखी भवन, रॉयल स्कूल अकादमी के पास, पीपुल नगर, कुशालपुर, रायपुर, छ.ग.-492001, जमानतदार- श्रीमती नेहा सोनी पति श्री सुरेंद्र कुमार सोनी, पता: वार्ड नं. 20, गोबरा नवापारा, तह:- राजिम, जिला- गरियाबंद, छ.ग
02	जवाहर नगर शाखा, रायपुर 9109993971	मेसर्स श्री अरिहंत डोर्स प्रोप. श्री बिंदेश कुमार कोठारी, गोपाल बाग, कोठारी कम्पाउंड,के.के रोड, मौदहापारा, रायपुर एवं श्री बिंदेश कुमार कोठारी, प्रोप.:- श्री अरिहंत डोर्स, प्लॉट नं. 04, खाता नं. 627, सहकारी मार्ग-02,स्वामी आत्मानंद वार्ड नं.15,रायपुर को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी घोष कॉलोनी, तहसील एवं जिला - रायपुर, छ.ग.	रु. 1,66,82,700 03 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार	(लम्बीए दिनांक:17.12.2025) (नोटिस दिनांक:19.12.2025) साम्पत्ति बंधक संपत्ति आवासीय भूमि एवं दो मंजिला भवन, प्लाट नं.- 04, खाता नं.- 627, सहकारी मार्ग-02, स्वामी आत्मानंद वार्ड नं.-15, रायपुर सहकारी आवास समिति घोष कॉलोनी,तहसील एवं जिला-रायपुर छ.ग. , क्षेत्रफल - 2400 वर्गफीट है जो श्री बिंदेश कुमार कोठारी पिता श्री कंक राय कोठारी के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- रोड, दक्षिण-संरक्षण रेखा, पूर्व - प्लाट नं. - 6, पश्चिम - प्लाट नं. - 2.

दिनांक:20.02.2026,स्थान: रायपुर,छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

ऋण वसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग, (बैंकिंग प्रभार) द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

ई-नीलामी सूचना — **ई-नीलामी क्रमांक- 36/2026**

Case No.: 429/2017/O.A. No.624/2016

CANARA BANK वि. M/S SURABHI PLASTIC एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 429/2017/ O.A. No.624/2016** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 41,02,160.00 (Rupees Forty One Lakh Two Thousand One Hundred Sixty Only)** तथा उस पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक **09.09.2016** से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई–नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

ई– नीलामी की तिथि एवं समय: 26–03–2026 दोपहर– 12.00 से 01.00

सम्पत्ति की अनुसूची–

Shed Building situated at Mouza Maneri, (as per valuation report ground floor area 2490 sq.ft. (sheet roofing), Ground Floor machine shed area 345 sq.ft., Ground Floor (RCC) area 732 sq.ft. and First Floor (RCC) area 732 sq.ft.) Industrial Area, Plot No. 19, Sector-C, Tehsil Niwas, District- Mandla (M.P.), over land area admeasuring 15000 sq.ft.; property in the name of **M/s Surbhi Plastic**

प्रारक्षित मूल्य- : रूपये Rs. 5,40,000.00 (Rupees Five Lakh Forty Thousand only)

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए अधिक विवरण हेतु **M/s. C-1 India Pvt. Ltd. website- https: //www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24,** for help a bidder in e-auction contact to **Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id: mpcg@c1india.com or E-Mail id : support@bankeauctions.com** 2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट **https://www.bankeauctions.com** पे उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें। 3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें) 4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी)हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये **Rs.54,000.00 (Rupees Fifty Four Thousand only)** है RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा वसूली अधिकारी, ई–नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुरके नाम से धारित Account No. **5692799461** in the name of Recovery Officer, E-auction DRT, Jabalpur with **CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:CBIN0281618)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रमाण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा 15. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 24.03.2026 अथवा इसके पूर्व 17–00 बजे तक जमा करनी होगी. 6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कर्ता की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेडपोस्टऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडरको सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करायें . 7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू. **Rs. 6,000.00 (Rupees Six Thousand only)** होगें ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा । 8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी इच्छुक निविदा कर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त करली जायेगी । 9. सफल बोली कर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका – 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी है होगी । 10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वा दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणाजारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी अधो इस्तांतरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोली कर्ता के समस्त दावे समाप्त होंगें । 11. संपत्ति "जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत" के आधार पर विक्रय की जायेगी । 12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 16.03.2026 प्रातः 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा । 13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी । 14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा । 15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Akshay Tiwari, Law Officer, Mob. No. 8517031874** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर लें तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तर्ह्र से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है। 16. ई–नीलामी के संबंध में विवरण **M/s. C-1 India Pvt. Ltd.,** website: **https: //www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24,** for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; **E-mail id: mpcg@c1india.com or E-Mail id : support@bankeauctions.com** 17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Akshay Tiwari, Law Officer, Mob. No. 8517031874.** से प्राप्त की जा सकती हैं । 18. इच्छुक निविदाकर्ता ई–नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी प्रोआउटी/बैंक /सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थान– जबलपुर
दिनांक– 30/01/2026

प्रीती देसाई
वसूली अधिकारी – I

**pnb पंजाब नैशनल बैं